# कृषि विज्ञान केन्द्र, बून्दी
# Krishi Vigyan Kendra, Bundi

**प्रसार शिक्षा निदेशालय, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा**

Directorate of Extension Education, Agriculture University, Kota

**पो.बॉक्स नं. 04, श्योपुरिया बावड़ी, बून्दी**

P.B. 04, Shyopuriya Baori, Bundi

डॉ. हरीश वर्मा
वरिष्ठ वैज्ञानिक
एवं अध्यक्ष

☎ : 7014601475
E-mail : kvkbundi@aukota.org
kvkbundiaukota@gmail.com


क्रमांक : / केवीके / बून्दी / निविदा / 2025 / 183–188 दिनांक : 16.06.2025

## खुली निविदा सूचना संख्या – 03 / 2025–26

### बकरी पालन इकाई में पशु प्रबन्धन हेतु श्रमिक आपूर्ति

कृषि विज्ञान केन्द्र, बून्दी द्वारा केन्द्र पर स्थित बकरी पालन इकाई में 50–60 बकरियों के प्रबन्धन हेतु वर्ष 2025–26 (01 जुलाई, 2025 से 30 जून, 2026 तक) के लिए श्रमिक की आवश्यकता होने से खुली निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। जिसकी अनुमानित लागत 1.25 लाख रुपये है। निविदा प्रपत्र कृषि विज्ञान केन्द्र पर कार्यालय दिवस में दिनांक 16.06.2025 से उपलब्ध रहेगा जिसे 250/– रुपये चेक/डीडी द्वारा Programme Coordinator, Krishi Vigyan Kendra, Bundi के नाम जमा करवा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र जमा करवाने की अन्तिम दिनांक व समय 26.06.2025 को सुबह 11.00 बजे तक रहेगी। निविदा उसी सांय 2:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदादाताओं द्वारा निविदा प्रपत्र एवं शर्तें http://sppp.rajasthan.gov.in तथा विश्वविद्यालय की वेबसाईट http://aukota.org से डाउनलोड कर भी प्राप्त की जा सकती है।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. श्रीमान कुलसचिव, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
2. श्रीमान निदेशक प्रसार शिक्षा, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
3. वित्त नियंत्रक, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
4. नोडल अधिकारी, वेबसाईट, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
5. नोटिस बोर्ड, कृषि विज्ञान केन्द्र, बून्दी।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

# कृषि विज्ञान केन्द्र, बून्दी (राज0)
# (कृषि विश्वविद्यालय, कोटा)

**बकरी पालन इकाई में पशु प्रबन्धन के लिए श्रमिक कार्य हेतु निविदा फार्म**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित खुली निविदा संख्या–03/2025–26, क्र.सं./के.वी.के/बून्दी/निविदा/2025/183–188 दिनांक 16.06.2025 के सम्बन्ध में सर्व साधारण से वर्ष 2025–26 (1 जुलाई, 2025 से 30 जून, 2026 या आगामी निविदा होने तक) के लिए बकरी पालन इकाई में पशु प्रबन्धन के लिए श्रमिक का कार्य करने की दरें आमंत्रित की जाती है, जिसकी नियम शर्ते निम्न प्रकार होगी–

- सम्बन्धित प्रभारी को बिना बताये फार्म से बाहर नहीं जावे।
- बकरियों की देखभाल आदि के समस्त कार्य पशुपालन वैज्ञानिक के निर्देशानुसार करने होंगे।
- बकरी आवास एवं बाड़े की सुबह सांय व आवश्यकतानुसार सफाई करनी होगी व साथ ही पशुशाला के आस–पास, नाली व बाड़े में साफ–सफाई करनी होगी।
- आवश्यकतानुसार वर्षभर हरा चारा खेत में जुताई, बुवाई, पिलाई कर खेत से काट कर खिलाना होगा तथा फार्म पर जगह होने पर पशुओं को घुमाकर चराना होगा।
- निविदादाता शिक्षित एवं अनुभवी होना चाहिए। पशुओं की संख्या एवं अन्य जानकारी लिखनी होगी।
- रात व दिन फार्म परिसर पर रहकर ही बकरियों की देखभाल करनी होगी और कार्यालय अवकाश होने पर आवारा पशु एवं अवांछनीय लोगों के आने–जाने की गतिविधियों की रोकथाम की जवाबदेही होगी।
- बकरियों को प्रतिदिन फार्म पर जगह मिलने के अनुसार चराना होगा।
- मींगणियों को पशुशाला व बाड़े से उठाकर प्रभारी द्वारा बताये स्थान पर डालना होगा।
- बच्चों को सुबह शाम दूध पिलाना, बीमार को दवाई देना व आवश्यकता पड़ने पर अस्पताल में उपचार कराना होगा।
- पशुओं का आहार के लिए दलिया चक्की से बनाकर, दाना/बांटा केन्द्र पर ही तैयार करना होगा।
- व्यक्ति/फर्म जिसके नाम पर निविदा खुली है, उसे ही बकरी प्रबंधन कार्य करना होगा। निविदादाता किसी अन्य को अनुबंध स्थानान्तरित नहीं कर सकेगा।
- कार्यरत व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार की दुर्घटना व प्राकृतिक आपदा से जोखिम की जिम्मेदारी स्वयं की होगी।
- फार्म परिसर में किसी भी प्रकार का नशा करना व अवांछित लोगों का प्रवेश निषेध होगा।
- कार्य का भुगतान एक माह बाद खाताधारक चैक द्वारा होगा तथा कार्य असंतोषजनक पाया जाने पर तथा बीच में काम छोड़ कर जाने पर ठेका निरस्त कर दिया जायेगा एवं एक माह की राशि जब्त कर ली जावेगी।
- निविदा फार्म में किसी निविदादाता द्वारा अलग से दी गई शर्ते मान्य नहीं होगी।
- जिसके ठेका छूटेगा उसे फोटो पहचान पत्र एवं पेनकार्ड की प्रमाणित कॉपी कार्यालय में जमा करानी होगी।
- शर्तों में किसी भी प्रकार की कमी व बढ़ोतरी उपस्थित कमेटी द्वारा की जा सकती है।
- किसी प्रकार के विवाद का न्यायालय क्षेत्र बूंदी होगा।
- पशुओं की संख्या अधिक या कम भी हो सकती है।

मुझे उपरोक्त सभी शर्ते मंजूर है। मैं वर्ष 2025–26 के लिए बकरी प्रबन्धन कार्य रु0 ...................... प्रति माह की दर से करने को तैयार हूं।

**हस्ताक्षर**

निविदादाता का नाम ......................................................

पूरा पता ............................................................................

मोबाईल नंबर ......................................................................

ㄐ